कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-12.03.2023

चोरी की 04 अदद बाइक के साथ वांछित अभियुक्तगण प्रेम मौर्या व राहुल मौर्या थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व लूट/चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-61/23 धारा 379/419/420/467/468/471/411 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 1.प्रेम मौर्या पुत्र विजय मौर्या निवासी ग्राम गोपालपुर कोरौता थाना लोहता वाराणसी 2.राहुल मौर्या पुत्र मुन्नालाल मौर्या निवासी ग्राम-गोपालपुर कोरौता थाना लोहता वाराणसी को मुखबिर की सूचना पर सनशाइन स्कूल के पीछे ठाकुर बाड़ा के पास लहरतारा से दिनांक-11.03.2023 को समय करीब 10.00 पीएम बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगणों के कब्जे से व निशानदेही पर चोरी की कुल 04 अदद मोटर साइकिल बरामद की गयी। उक्त के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.प्रेम मौर्या पुत्र विजय मौर्या निवासी ग्राम गोपालपुर कोरौता थाना लोहता वाराणसी उम्र करीब 21 वर्ष

2.राहुल मौर्या पुत्र मुन्नालाल मौर्या निवासी ग्राम-गोपालपुर कोरौता थाना लोहता वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

04 अदद मोटरसाइकिल (1-बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल रजि0 नं0 UP65EQ4915, 2-हीरो स्पेलेण्डर प्लस जिसका चेचिस नम्बर MBLHAW096KHH50074 व इंजन नम्बर HA10AGKHH31828 रजि0 न0 UP65DQ5760, 3-टीवीएस XL 100 जिसका चेचिस नम्बर MD621BP29M2H22257 व इंजन नम्बर BP2HM2508965 रजि0 न0 UP65EE3620, 4-होण्डा एक्टीवा स्कूटी 6G चेचिस नम्बर ME4JF91ADNG170514 व इंजन नम्बर JF91AG7170845 रजि0 न0 UP65EK9870) बरामद।

विवरण पूछताछ-

पूछताछ करने पर अभियुक्तगणों ने बताया कि हम लोग जल्दी पैसा कमाने और अपनी शान-शौकत व दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रो से मोटरसाइकिले चुरा कर उन्हे औने-पौने दाम पर उनके नम्बर प्लेट बदल कर व फर्जी कागजात तैयार कर बेचकर अपने-2 शौक को पुरा करते है । यह मोटरसाइकल (मोटरसाइकिल रजि0 नं0 UP65EQ4915) जो हम लोगो के पास है इसको करीब पाँच-छः दिन पहले हम लोगो ने काशी विधापीठ ब्लाक शिवदासपुर, वाराणसी के परिसर से चुराये थे इसको बेचने के लिए हम लोग आज ग्राहक की तलाश मे यहा पर खड़े होकर आपस मे बात चीत कर रहे थे कि आप लोगों ने पकड़

लिया और पुनः बताया कि इसके अलावा हम लोगो ने तीन और मोटरसाइकिल चुरा कर नव निर्मित लहरतारा ओवर ब्रीज के आगे गेट नम्बर नम्बर 04 की ओर लगभग 200 मीटर आगे रोड के किनारे सूनसान स्थान पर छिपा कर बेचने के लिए रखे हुए है। अभियुक्तगण की निशानदेही पर नव निर्मित लहरतारा ओवर ब्रीज के आगे गेट नम्बर नम्बर 04 के पास सूनसान स्थान से अन्य 03 अदद मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 अरुण कुमार सिंह चौकी प्रभारी लहरतारा थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0 नागेन्द्र चौहान थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी
4. हे0का0 मिथलेश शाह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी
5. हे0का0 शत्रुध्न सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी
6. हे0का0 शक्ति सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी
7. का0 सूर्यभान सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी